INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 3rd Lang	**Department: Hindi**	**Date of submission:** Keep in File
Question bank	**Topic:** चतुर गीदड़	**Prepared by: Surendra Thakur**

पाठ - **चतुर गीदड़** (Question bank : Literature and grammar)

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

प्रश्न क. कछुए ने ऐसा क्यों कहा कि मैं गीदड़ को इधर लाने की कोशिश करता हूँ?

उत्तर : कछुए ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि मगरमच्छ तालाब की मछलियों को चट कर चुका था। वह भूखा था। वह गीदड़ को खाना चाहता था पर गीदड़ उसकी पकड़ में नहीं आ रहा था ।

प्रश्न ख. गीदड़ ने अपने प्राण कैसे बचाए ?

उत्तर : गीदड़ ने कछुए से कहा कि भाई, मैंने तो सुना है कि मर जाने पर मगरमच्छ की दुम हिलती रहती है। लगता है अभी यह पूरी तरह नहीं मरा। यह सुनते ही मगरमच्छ अपनी दुम हिलाने लगा। यह देख गीदड़ समझ गया कि मगरमच्छ मरा नहीं और वहाँ से भाग गया।

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. गीदड़ को पकड़ने के लिए कछुए ने मगरमच्छ को क्या उपाय बताया ?

उत्तर : गीदड़ को पकड़ने के लिए कछुए ने मगरमच्छ से कहा कि तुम साँस रोके मरा हुआ-सा पड़ जाओ और जब गीदड़ तुम्हारे पास आए तो उसे पकड़ लेना ।

प्रश्न ख. कछुआ क्या - क्या कहकर रो रहा था ?
उत्तर : हाय ! अब मैं क्या करूँ ! मेरे प्यारे मित्र को न जाने क्या हो गया ! अचानक उसके प्राण निकल गए । हाय - हाय ! अब तो मैं बिलकुल अकेला रह गया ।

प्रश्न ग. कछुए ने मगरमच्छ को मूर्ख क्यों कहा ?
उत्तर: कछुए ने मगरमच्छ को मूर्ख कहा क्योंकि मगरमच्छ चतुर गीदड़ की चाल में आ गया और अपनी पूँछ हिलाने लगा । यह देखकर वह वहाँ से अपने प्राण बचाकर भाग गया । अब उसे पकड़ना मुश्किल नहीं, असंभव था ।

1 सही विकल्प चुनिए। (Pg.89)

उत्तर : क - तालाब , ख - कछुआ , ग - चतुर

2 सही शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

उत्तर : क - तालाब , ख - गीदड़ , ग - कछुआ , घ - मगरमच्छ

3 किसने , किससे कहा ?

उत्तर : क - मगरमच्छ - कछुआ
ख - गीदड़ - कछुआ
ग - कछुआ - मगरमच्छ
घ - मगरमच्छ - कछुआ

शब्दार्थ(Word meaning) : Page - 89

व्याकरण तथा रचना:

शुद्ध वर्तनी लिखिए (Write correct spelling)

अशुद्ध	शुद्ध
चतूर	चतुर
गिदर	गीदड़
तलाब	तालाब
पक्षि	पक्षी
प्रान	प्राण
सांत	शांत
मुर्ख	मूर्ख

प्रश्न : दिए गए चित्र को देखकर मन में उभरते भाव को लगभग 30 शब्दों में लिखिए ।